मुहावरों

1. अँगूठा दिखाना — वक्त पर साफ़ मना कर देना
2. अंगारे उगलना — अत्यधिक क्रोध में कटु या कड़वे वचन बोलना
3. अंधा होना — विवेक खो देना या भले-बुरे का ज्ञान न रहना
4. अंधे की लाठी होना — एकमात्र सहारा होना
5. अक्ल का अंधा होना — पूरी तरह मूर्ख होना
6. अक्ल के पीछे लट्ठ लिए फिरना — मूर्खतापूर्ण काम करना

S.S.C-G.D-2027 ⇒ 40 अंक / 20 प्रश्न ⇒

* मुहावरें, लोकोक्ति व कहावत ⇒ 1 से 3 प्रश्न

1. मुहावरा, लोकोक्ति व कहावत देकर - अर्थ पूछना

⇒ 2. अर्थ देकर → मुहावरा, लोकोक्ति व कहावत पूछना

3. वाक्य में रिक्त की पूर्ति उचित मुहावरें, लोकोक्ति व कहावत से करो।

⟶ 4. मुहावरें, लोकोक्ति, कहावत के आधार पर वाक्य अशुद्धियाँ -

* **अर्थ** - भाव / आशय / तात्पर्य / उद्देश्य / मतलब

* मुहावरें, लोकोक्ति व कहावत में दिये गये शब्द के स्थान पर उसका पर्यायवाची या दूसरा शब्द प्रयुक्त नहीं किया जा सकता।

* **शॉर्ट ट्रिक** - या — / — ——(——)

- - - - - - - - - - - सबसे बड़ा विकल्प

- - - - - - |

7. अक्ल चरने जाना – बुद्धि का समय पर काम न करना

8. अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना – अपनी प्रशंसा स्वयं करना

9. अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना – अपना नुकसान स्वयं करना

10. अपने पैरों पर खड़ा होना – आत्मनिर्भर होना

11. आँख का तारा होना – अत्यधिक प्रिय होना

12. आँखें खुलना – होश आना या वास्तविकता का ज्ञान होना

13. आँखें चुराना – कतराना या सामने आने से बचना

14. आँखें बिछाना – अत्यधिक प्रेम से स्वागत या प्रतीक्षा करना

15. आँखें फेर लेना – प्रतिकूल हो जाना या पहले जैसा व्यवहार न रखना

16. आँखों में धूल झोंकना – धोखा देना

17. आँच न आने देना – ज़रा सा भी कष्ट या नुकसान न होने देना

18. आँसू पीकर रह जाना – दुःख या भीतर के रोने को ज़बरदस्ती दबा लेना

19. आकाश-पाताल एक करना – अत्यधिक कठिन परिश्रम करना

20. आकाश के तारे तोड़ना – असंभव कार्य को करने का प्रयास करना

21. आग बबूला होना – अत्यधिक क्रोधित होना

22. आग में घी डालना – क्रोध या झगड़े को और अधिक भड़काना

23. आनाकानी करना – टालमटोल करना या मना करने का बहाना खोजना

24. आपे से बाहर होना – अपने वश में न रहना या अत्यधिक क्रोधित होना

25. आसमान पर चढ़ाना – अत्यधिक प्रशंसा करके घमंडी बना देना

26. आसमान सिर पर उठाना – बहुत अधिक उपद्रव या शोर मचाना

27. ईंट का जवाब पत्थर से देना – दुष्ट के साथ कड़ा व्यवहार करना या करारा जवाब देना

28. ईंट से ईंट बजाना – पूरी तरह से नष्ट-भ्रष्ट कर देना

29. ईद का चाँद होना – बहुत दिनों बाद दिखाई देना

30. उँगली पर नचाना – अपनी इच्छा के अनुसार वश में रखना या चलाना

31. उँगली उठाना – किसी पर दोष लगाना या कलंकित करना

32. उड़ती चिड़िया पहचानना – मन की बात को दूर से ही ताड़ लेना

33. उन्नीस-बीस का अंतर होना – बहुत ही मामूली या बहुत कम अंतर होना

34. उल्लू सीधा करना – अपना स्वार्थ सिद्ध करना या अपना काम निकालना

35. ऊँट की चोरी निहुरे-निहुरे – किसी बड़े या प्रकट होने वाले काम को छिपाकर करने की कोशिश करना

36. एक आँख से देखना — सबके साथ समान व्यवहार करना

37. एक और एक ग्यारह होना — संगठन में बहुत बड़ी शक्ति होना

38. एक लाठी से सबको हांकना — अच्छे-बुरे का अंतर किए बिना सबके साथ एक जैसा व्यवहार करना

39. एड़ी-चोटी का जोर लगाना — पूरा प्रयास या कठिन परिश्रम करना

40. ओखली में सिर देना — जान-बूझकर मुसीबत मोल लेना

41. **ओस के मोती होना** – बहुत ही क्षणभंगुर या जल्दी नष्ट होने वाली वस्तु

42. **कलेजा ठंडा होना** – संतोष होना या मन को शांति मिलना

43. **कलेजे पर सांप लोटना** – ईर्ष्या या डाह से बुरी तरह जलना

44. **काटो तो खून नहीं** – अत्यधिक भयभीत या स्तब्ध रह जाना

45. **कान कतरना** – चालाकी या चतुराई में बहुत आगे निकल जाना

46. **कान का कच्चा होना** – किसी भी बात पर बिना सोचे-समझे तुरंत विश्वास कर लेना

SelectionWay

47. कान भरना – पीठ पीछे किसी की शिकायत या चुगली करना

48. कान पर जूँ न रेंगना – बात का ज़रा सा भी असर न होना या बिल्कुल परवाह न करना

1792

49. काया पलट जाना – पूरी तरह से रूप या स्थिति का बदल जाना

50. कीचड़ उछालना – किसी को बदनाम करना या चरित्र पर लांछन लगाना

51. खटाई में पड़ना – काम का अनिश्चित हो जाना या रुक जाना

52. खरी-खोटी सुनाना – साफ़-साफ़ कड़वी बातें कहना या डांटना

53. खाक छानना – दर-दर भटकना या व्यर्थ का परिश्रम करना

54. खिचड़ी पकाना – गुप्त रूप से कोई योजना या षड्यंत्र रचना

55. खिल्ली उड़ाना – उपहास या मज़ाक उड़ाना

56. खून का घूंट पीना – भीतर ही भीतर गुस्सा दबाकर शांत रह जाना

57. खून पसीना एक करना – बहुत अधिक कठिन परिश्रम करना

58. खेत रहना – युद्ध में वीरगति को प्राप्त होना (शहीद होना)

59. गंगा नहाना – किसी बहुत बड़े या कठिन कार्य को पूरा कर लेना

60. गड़े मुर्दे उखाड़ना – पुरानी भूली हुई बातों या विवादों को दोबारा शुरू करना

61. गाल बजाना – डींग हाँकना या व्यर्थ की बकवास करना

62. गागर में सागर भरना – कम शब्दों में बहुत गहरी या बड़ी बात कह देना

63. गिरगिट की तरह रंग बदलना – अवसरवादी होना या अपनी बात से बार-बार बदलना

64. गुदड़ी का लाल होना – निर्धन परिवार में गुणी व्यक्ति का जन्म होना

65. गूलर का फूल होना – दुर्लभ होना या कभी दिखाई न देना

66. घड़ों पानी पड़ना – अत्यधिक लज्जित या शर्मिंदा होना

67. घी के दीए जलाना – अत्यधिक खुशियाँ मनाना (खुशहाली आना)

68. घाव पर नमक छिड़कना – दुःखी व्यक्ति को और अधिक दुःखी करना

69. घास खोदना – व्यर्थ में अपना समय नष्ट करना

70. चंपत होना – रफूचक्कर हो जाना या भाग जाना

71. चकित रह जाना – अत्यधिक आश्चर्य में पड़ जाना

72. चादर बाहर पैर पसारना – आय या आमदनी से अधिक खर्च करना

73. चार चाँद लगाना – किसी वस्तु या प्रतिष्ठा की शोभा को और बढ़ा देना

74. चोली-दामन का साथ होना – बहुत गहरा या अटूट संबंध होना

75. च्युइंगम चबाना / चबा चबा कर बात करना – बात को बहुत अधिक लंबा खींचना